Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding stoppage of trains at Hathras Junction.

श्री राजवीर दिलेर (हाथरस): महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र हाथरस की ओर दिलाना चाहता हूँ । अध्यक्ष महोदय, हाथरस जंक्शन पर कालका मेल तथा महानंदा एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव होता था, जिनको कोरोना काल में निरस्त कर दिया गया है । इसकी वजह से क्षेत्र की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है । क्षेत्र की जनता की भारी मांग पर पूर्व में भी सदन में इन दोनों गाड़ियों के हाथरस जंक्शन पर ठहराव की मांग मैं रख चुका हूँ, जिसका निवारण अभी तक नहीं हुआ है । मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि उक्त दोनों गाड़ियों के साथ-साथ मगध एक्सप्रेस और पूर्वा एक्सप्रेस का हाथरस जंक्शन पर एक मिनट का ठहराव करने की कृपा करें । धन्यवाद ।